# उदीषा चौपाला साहित्योत्सव की तैयारियां युद्ध स्तर पर

मुरादाबाद।

साहित्य-कला-संस्कृति का सशक्त हस्ताक्षर उदीषा चौपाला साहित्योत्सव-2026 की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। मुख्य संरक्षक मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह तैयारियों का जायज़ा ले चुके हैं। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कांधों पर हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम 24 घंटे सक्रिय रहेगी। इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुलदीप सिंह को प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने टीमों का गठन भी कर दिया है। साथ ही साथ पर्याप्त मात्रा में दवाइयां भी उपलब्ध रहेंगी। उच्च कोटि के साहित्यकारों की पुस्तकें भी स्टाल पर उपलब्ध होगी। लोगों में किताबों के पढ़ने के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए बुक फेयर भी लगवाया जा रहा है। सफाई व्यवस्था का दायित्व नगर निगम के कंधों पर होगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल स्वयं पर्यवेक्षण करेंगे। उत्तरी भारत में प्रमुख स्थान बनाने जा रहा उदीषा चौपाला साहित्योत्सव (साहित्य, कला-संस्कृति को पूरी तरह



समर्पित) आगामी 22 से 26 जनवरी तक गांधी मैदान, मुरादाबाद (सर्किट हाउस के पीछे) होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह के निर्देशन में युद्ध स्तर पर जारी है। भव्य पंडाल आदि की व्यवस्था का दायित्व आबिद इलैक्ट्रिक वर्क्स के प्रोपराइटर आबिद हुसैन के कांधों पर है। उदीषा चौपाला साहित्योत्सव वास्तव में उत्तर भारत का सर्वाधिक महत्वपूर्ण इवेंट माना जा रहा है। इस इवेंट की कमान स्वयं कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने संभाल रखी है। इन पांच दिवसों में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम होंगे। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार विश्वास कुमार शर्मा उर्फ कुमार विश्वास, सांसद मनोज तिवारी, पलक मुं छल, प्रोफेसर वसीम बरेलवी समेत देश की जानी-मानी हस्तियां प्रतिभाग करेंगी। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करने वाले नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के नाम पर एक लाख रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया जायेगा। यह पुरस्कार इस आयोजन की विशेषता माना जा रहा है। साथ दी लोगों में किताबों के प्रति रुचि पैदा हो, इसके लिये किताबों भी प्रदर्शनी भी लगेगी।

# 'आदर्श जीवन जीने की कला एवं विज्ञान है योग'




मुरादाबाद। चित्रगुप्त इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के ग्राम मोरा मुस्तकम में आयोजित हो रहे विशेष शिविर के द्वितीय दिवस को योग एवं उद्यमिता दिवस के रूप में मनाया गया। प्रथम सत्र को योग दिवस के रूप में मनाया गया। योग प्रशिक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधि नहीं है बल्कि यह आदर्श जीवन जीने की कला एवं विज्ञान है। यह मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिक सन्तुलन स्थापित करने में मदद करता है जिससे व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास होता है। योग प्रशिक्षक द्वारा सभी छात्रों को विभिन्न प्रकार के योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय सत्र में उद्यमिता एवं स्वरोजगार विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कुलदीप सिंह ने कहा कि उद्यमिता बेरोजगारी का समाधान है क्योंकि यह नौकरी चाहने वालों को नौकरी देने वालों में बदलती है, नए रोजगार के अवसर पैदा करती है, नवाचार को बढ़ावा देती है, और आर्थिक विकास को गति देती है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे नौकरी के भरोसे न रहकर उद्यमिता एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में उतरे। शिविर की पर्यवेक्षक डॉ निधि अग्रवाल ने कहा कि ऐसे शिविर हमें अपने आप को सामाजिक परिवेश में रहना और जीना सिखाते है साथ ही हमारी अन्तर्निहित शक्तियों को बाहर निकालने में सहायक होती है।अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव कुमार ने की। संचालन डॉ विशेष कुमार शर्मा ने किया।कार्यक्रम में अभय सिंह,हितेश तनिष कुमार, रितिक,शुभ वर्मा, शनि ,शिवाशु,सुहैल ,इमाद ने विशेष सहयोग किया।

# नवीन नगर में श्री शकुंतला प्रकाश गुप्ता चौक का हुआ लोकार्पण

मुरादाबाद।

महानगर की शिक्षाविद स्वर्गीय शकुंतला प्रकाश गुप्त की स्मृति में आज एक भव्य समारोह में नवीन नगर चौराहे का नाम उनके नाम पर करते हुए एक शिलान्यास का लोकार्पण करते हुए नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महानगर में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और शहर की सूरत बदलती जा रही है। मुरादाबाद के मानसरोवर इंटर कॉलेज में श्रीमती शकुंतला गुप्ता की पुण्यतिथि पर आयोजित एक भव्य समारोह में मेयर विनोद अग्रवाल ने नवीन नगर चौराहे



का नाम शकुंतला गुप्ता चौक के सिलपटका लोकार्पण करते हुए कहा कि मुझे नगर निगम के मेयर पद पर काफी लंबा समय हो गया हम विकास की राजनीति करते हैं विकास कार्य देखने को मिल रहे हैं आज महानगर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और महानगर की सूरत बदलती जा रही है उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों को बधाई दी और कहा आने वाले समय में कॉलोनी में और भाव विकास होंगे। इस अवसर पर बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष विशेष कुमार गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता जादूगर जुगनू राजेश रस्तोगी सुनीता गुप्ता क्षेत्रीय पार्षद पंकज शर्मा एवं क्षेत्र की सैकड़ो गण मान्य लोग उपस्थित है।

# निजी लाइब्रेरियों पर नियंत्रण की एबीवीपी ने उठाई मांग

मुरादाबाद।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मुरादाबाद महानगर द्वारा आज शहर में संचालित निजी लाइब्रेरियों की अनियमितता एवं छात्र सुरक्षा से जुड़े गंभीर विषय को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने अवगत कराया कि वर्तमान समय में मुरादाबाद में अनेक निजी लाइब्रेरियाँ बिना किसी प्रशासनिक अनुमति एवं स्पष्ट नियमावली के संचालित हो रही हैं, जिनमें से कई 24 गुणा 7 खुली रहती हैं। इन लाइब्रेरियों में न तो समुचित सुरक्षा व्यवस्था है



और न ही आवश्यक तकनीकी मानकों का पालन किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है।

एबीवीपी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि सभी निजी लाइब्रेरियों का अनिवार्य पंजीकरण कराया जाए, 24 गुणा 7 खुली रहने वाली लाइब्रेरियों पर समय-सीमा तय की जाए तथा सीसीटीवी, अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास, महिला सुरक्षा, प्रकाश एवं वेंटिलेशन जैसे मूलभूत प्रबंध अनिवार्य किए जाएँ।

साथ ही एक मानक नियमावली बनाकर समय-समय पर प्रशासनिक निरीक्षण एवं शिकायत निवारण तंत्र लागू किया जाए।महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने कहा कि, छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। यदि शीघ्र ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो विद्यार्थी परिषद जनहित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर महानगर सहमंत्री मंत्री छविनाथ अरोरा ,राजा शर्मा ,अनमोल शर्मा सचिन यादव, हर्षित गॉड ,हर्ष सक्सेना, प्रखर बंसल ,प्रतीक राघव, मोहित पाल, आशीष, शिवम ठाकुर, नवनीत कटारिया, अभिषेक, गगन, मयंक अंशु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ध्वस्त मणिकर्णिका घाट के पुनर्निर्माण को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



फतेहपुर।

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा काशी के मणिकर्णिका घाट को प्रदेश सरकार द्वारा ध्वस्त कराए जाने का आरोप लगाते हुए उसके पुनर्निर्माण को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा। प्रस्तुत ज्ञापन में कहा गया कि उक्त मणिकर्णिका घाट सन 1791 में माता अहिल्या बाई द्वारा जीर्णोद्धारित कराया गया था एवं सनातन धर्म में उसका महत्वपूर्ण स्थान है अतः काशी के धर्माचार्यों एवं काशी वाशियो से विचार विमर्श कर उसका पुनर्निर्माण कराया जाए। ज्ञापन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों से दूर केवल धर्म स्थलों को तोड़ने का काम कर रही है, काशी का मणिकर्णिका घाट सनातन धर्म के अनुसार बहुत महत्वपूर्ण स्थान है पर भाजपा सरकार पता नहीं कौन से सनातन धर्म को मानती है ये समझ से परे है क्यों कि सनातन धर्म गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद को संगम स्नान से रोक कर उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि वह केवल सरकार बनाओ धर्म का पालन करती है सनातन धर्म या किसी धर्म से उसका कोई लेना देना नहीं। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने भी धर्म स्थलों को तोड़ने का विरोध करते हुए कहा कि कोई भी ऐतिहासिक धर्म स्थल नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत माना जाता है जिससे उन्हें अपने धर्म के महत्व की जानकारी होती है उन्हें नष्ट करना अच्छमनीय अपराध है अतः सरकार जल्द से जल्द ध्वस्त घाट का पुनर्निर्माण कराए। ज्ञापन में मुख्यरूप से वरिष्ठ नेता सुधाकर अवस्थी, शेख एजाज अहमद, कलीम उल्ला सिद्दीकी, मणि प्रकाश दुबे,प्रवक्ता ई देवी प्रकाश दुबे, पं.राम नरेश महराज, अनुराग नारायण मिश्र, आदित्य श्रीवास्तव, मनोज घायल, सहाब अली, मुन्ना भाई,राजू लोधी, नवनीत तिवारी, ब्रजेश मिश्रा, बसीर अहमद, अमर नाथ कैथल,चौधरी मोइन राइन, अजय बच्चा,राजीव श्रीवास्तव, कासिम उल्ला, रिजवान, निजामुद्दीन, आदि लोग उपस्थित रहे।

# एआई को हैल्थ सेक्टर में भी बड़ी जिम्मेदारी देने को मंथन

मुरादाबाद।

सूबे सरकार के स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण, आईटी एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की ओर से इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट- 2026 की रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह के संग-संग रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी ने बतौर नोडल अधिकारी प्रतिनिधित्व किया। यह केवल एक तकनीकी संगोष्ठी नहीं थी, बल्कि यह स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व के लिए एक उ'च-स्तरीय ओरिएंटेशन था, जिसमें विस्तार से बताया गया कि कैसे एआई स्वास्थ्य प्रशासन से लेकर सीधे पेशेंट मैनेजमेंट तक सब कुछ मौलिक रूप से बदल देगा। प्रो. सिंह कहते हैं, केवल नवाचार ही हमारा लक्ष्य नहीं है। भारत जैसे विशाल राष्ट्र में एआई को प्रभावी बनाने के लिए, हमें सिर्फ निर्माण से आगे बढ़कर प्रमाणित परिनियोजन की ओर बढ़ना होगा। अब हम राज्य-व्यापी स्तर पर क्यूरेट किए गए, प्रामाणिक डेटा का उपयोग करते हुए मल्टी-सेंटर वैलिडेशन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्रो. रस्तोगी कहते हैं, हम विकसित भारत में सभी के लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। बतौर नोडल ऑफिसर इस यात्रा में सबसे आगे मेरा रहना टीएमयू हॉस्पिटल परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। उल्लेखनीय है, इस कॉन्फ्रेंस में वाणि'य एवम् उद्योग मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवमम् सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के केंद्रीय रा'य मंत्री श्री जितिन प्रसाद, यूपी के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम एवम् चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री ब्रजेश पाठक समेत एक दर्जन मंत्री और आला अफसरों के अलावा गूगल, नीदरलैंड के एक्सपर्ट्स की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। दो दिनी यह कॉन्फ्रेंस एलेट्स टेक्नोमीडिया के सहयोग से लखनऊ के द सेंट्रम में हुई। देशभर में हो रही आठ रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस सीरीज के तहत आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में डिजिटल गवर्नेंस, हेल्थकेयर इन्नोवेशन और टेक्नोलॉजी आधारित सार्वजनिक सेवाओं में यूपी की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें हेल्थ सिस्टम, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकारी योजनाओं में एआई के रियल-टाइम उपयोग को प्रस्तुत किया गया। साथ ही सरकार, इंडस्ट्री, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की गई। उल्लेखनीय है, सम्मेलन से निकलने वाले सुझाव और परिणाम 16 फरवरी को होने वाले इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के राष्ट्रीय रोडमैप में शामिल किए जाएंगे।

